वर्ष- 02 अंक- 193
छपरा
7 जून शनिवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# पीएम ने तिरंगा दिखाकर चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया

## कहा- पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया, हमने उस पर कयामत बरसा दी

**श्रीनगर,एजेंसी।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को कटरा में कहा, दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी।

इससे पहले, पीएम ने जम्मू के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया। इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई।

**वंदे भारत ट्रेन आज से शुरू होगी :** नॉर्दर्न रेलवे 7 जून से कटरा-श्रीनगर रूट पर वंदे भारत ट्रेन सर्विस शुरू कर देगी। IRCTC की वेबसाइट पर टिकट बुकिंग की जा सकेगी। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी।

नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं। चेयरकार का किराया 715 रुपए और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपए है। अभी ट्रेनें सिर्फ बनिहाल में रुकेंगी, अन्य स्टॉपेज पर फैसला बाद में होगा।

10 घंटे का सफर करीब 3 घंटे में पूरा होगा आजादी के 77 साल बाद भी कश्मीर बर्फबारी के सीजन में देश के दूसरे हिस्सों से कट जाता है। नेशनल हाईवे-44 बंद होने से घाटी जाने का बंद हो जाता है। इसके अलावा भी सड़क के रास्ते जम्मू से कश्मीर जाने में 8 से 10 घंटे का समय लग जाता था। ट्रेन शुरू होने से यह सफर करीब तीन घंटे में पूरा हो जाएगा।

**मोदी ने कहा, कश्मीर के लोगों ने सपने देखना ही छोड़ दिया था :** पीएम ने कहा, जम्मू-कश्मीर में जनता अपनी पसंद के नुमाइंदे चुन सके, यह भी आतंकवाद के चलते चुनौती बन गया था। बरसों तक आतंक



सहने के बाद जम्मू-कश्मीर ने इतनी बर्बादी देखी थी कि लोगों ने सपने देखना ही छोड़ दिया था। आतंकवाद को ही भाग्य मान लिया था। हमने इसे बदलकर दिखाया है। आज यहां का नौजवान नए सपने भी देख रहा है। लोग जम्मू-कश्मीर को फिर से फिल्मों, खेलों का हब बनते देखना चाहते हैं। हमने इसे माता खीर भवानी के मेले में भी देखा। उन्होंने कहा कि 3 तारीख से अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है। ईद का भी माहौल है। ये सब आतंकी हमले से डिगने वाला नहीं है। नरेंद्र मोदी का वादा है कि विकास रुकने नहीं दूंगा। कोई बाधा आएगी तो उसे मोदी का सामना करना पड़ेगा। आज 6 जून है। एक महीने पहले 6 मई की रात पाकिस्तान पर कयामत बरसी थी। पाकिस्तान कभी ऑपरेशन सिंदूर सोचेगा तो अपनी शिकस्त याद आएगी। पाकिस्तान ने कभी नहीं सोचा था कि भारत उनके यहां अंदर जाकर आतंक के ठिकानों पर हमला करेगा। आतंक की इमारतें खंडहर बन गई हैं। पाकिस्तान बौखला गया है। उसने ये गुस्सा जम्मू, पुंछ समेत कई इलाकों में घर, मंदिर, गुरुद्वारों पर शेलिंग की। आपने जैसे मुकाबला किया, वो हर देशवासी ने देखा। आपके साथ देशवासी पूरी शक्ति से खड़े हैं।

### पीएम ने कहा- हमारा पड़ोसी मानवता का, मेलजोल का विरोधी

पीएम ने कहा, दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। उसका इरादा कश्मीर के मेहनतकश लोगों की कमाई को रोकना था, इसलिए टूरिस्ट पर हमला किया। वो टूरिज्म जो लगातार बढ़ रहा था, यहां रिकॉर्ड संख्या में टूरिस्ट आ रहे थे, जिसने जम्मू-कश्मीर के लोगों के घर चलते हैं, पाकिस्तान ने उन्हें निशाना बनाया। पाकिस्तान की साजिश इन सबको तबाह करने की थी। आतंकियों को चुनौती देने वाला आदिल भी मेहनत कर रहा था, आतंकियों ने उसे भी मार दिया। पाकिस्तान की साजिश की खिलाफ जिस प्रकार जम्मू-कश्मीर के लोग उठ खड़े हुए हैं, जम्मू-कश्मीर के अवाम ने जो ताकत दिखाई है, दुनिया को जम्मू-कश्मीर के लोगों ने कड़ा संदेश दिया है। यहां के लोग आतंकवाद को कड़ा जवाब देने का मन बना चुके हैं।

### पीएम ने कहा- चिनाब ब्रिज हो या अंजी ब्रिज से राज्य का विकास होगा

पीएम मोदी ने कहा, चिनाब ब्रिज हो या अंजी ब्रिज, ये जम्मू और कश्मीर दोनों क्षेत्रों की समृद्धि का जरिया बनेंगे। इससे टूरिज्म के साथ रेल कनेक्टिविटी और बिजनेस भी बढ़ेगा। इससे इंडस्ट्री को गति मिलेगी। कश्मीर के सेब देश के बड़े बाजारों तक समय पर पहुंच पाएंगे। सूखे मेवे, पश्मीना शॉल, हस्तशिल्प के देश के किसी भी हिस्से तक पहुंच पाएगा। जम्मू-कश्मीर के लोगों के लोगों का देश के किसी भी हिस्से में आना-जाना आसान होगा। मैंने पढ़ा कि एक स्टूडेंट ने कहा कि उसके गांव के ज्यादातर लोगों ने ट्रेन का वीडियो देखा था। उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि ट्रेन उनके सामने से गुजरेगी। लोग ट्रेन के आने-जाने का समय याद कर रहे हैं। एक बिटिया ने लिखा कि अब मौसम से रास्ते बंद नहीं हुआ करेंगे।

### केरल: राजभवन और सरकार में टकराव, राज्यपाल बोले- भारत माता पर किसी भी तरह का समझौता नहीं

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में भारत माता की तस्वीर को लेकर राज्य सरकार और राज्यपाल आमने-सामने आ गए। दरअसल, कृषि विभाग ने राजभवन में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में लगी भारत माता की तस्वीर पर कहा कि इसका इस्तेमाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखाओं में किया जाता है।

कृषि मंत्री पी प्रसाद ने यह कहते हुए राजभवन के कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया कि धर्मनिरपेक्ष केरल में इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भारत माता का सम्मान करती है लेकिन राजभवन के आधिकारिक समारोह में आरएसएस शाखाओं से जुड़ी तस्वीर का इस्तेमाल करना असांविधानिक है।

### दरगाह में पशु वध पर रोक की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम इनकार

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने दी थी इजाजत**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के विशालगढ़ किले में दरगाह पर पशु वध पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिका में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में विशालगढ़ किले में दरगाह पर ईद-उल-अजहा और उर्स पर पशु वध की अनुमति है। इस फैसले का विरोध करते हुए अफसरों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। अफसरों का कहना था कि किला एक संरक्षित स्मारक है।

सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया। वकील ने कहा कि कल बकरीद है और महाराष्ट्र के विशालगढ़ नामक संरक्षित स्मारक में उच्च न्यायालय ने वध की इजाजत दी है। उर्स के लिए भी 12 जून तक संरक्षित स्मारक क्षेत्र में भी पशु वध की अनुमति दी है। इस पर पीठ ने कहा कि कई संरक्षित स्मारकों में बहुत सारी धार्मिक गतिविधियां चल रही हैं। न्यायमूर्ति करोल ने कहा कि त्रिपुरा उच्च न्यायालय में बैठते हुए मैंने वहां पशु वध पर प्रतिबंध लगा दिया था और फिर इस न्यायालय ने आदेश को संशोधित करते हुए कहा कि पशु वध एक बंद स्थान में किया जाएगा।

**बिहार समेत 8 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट**

## असम में 7 लाख लोग बाढ़ प्रभावित, 21 मौतें; म.प्र.-राजस्थान में आंधी-बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** मौसम विभाग ने शुक्रवार को बिहार समेत पूर्वोत्तर के 7 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, 17 राज्यों में आंधी-तूफान के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। पश्चिमी राजस्थान, तमिलनाडु और पुडुचेरी में गर्मी-उमस की आशंका है। राजस्थान के 8 जिलों में आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 12 जिलों में गुरुवार को भी तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। वहीं, मध्य प्रदेश में शुक्रवार को लगातार 42 वें दिन आंधी-बारिश का अलर्ट है। भोपाल-इंदौर समेत 45 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है।इधर, देश के पूर्वोत्तर राज्यों में गुरुवार



को लगातार बारिश से बाढ़ और लैंडस्लाइड के हालात बने रहे। असम के 21 जिलों में करीब 7 लाख लोग प्रभावित हैं। बाढ़-भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। वहीं, भूस्खलन से प्रभावित उत्तरी सिक्किम के चाटेन से 63 लोगों को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया। 64 लोग अब भी फंसे हैं। उधर,बर्फबारी के कारण हिमाचल प्रदेश में धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं में तापमान में भारी गिरावट आई है। धर्मशाला में तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया। मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ बॉर्डर तक पहुंच चुका है। इसने अब तक 18 राज्यों में दस्तक दी है।

## 20 दिन में कोरोना केस 93 से 5364 हुए,55 मौतें

### 24 घंटे में 500 नए मामले; ओडिशा के स्कूलों में मास्क अनिवार्य

**नई दिल्ली/मुंबई/ बेंगलुरु/ तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, पिछले 20 दिन में केसों की संख्या में 58 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 16 मई को देशभर में कोविड के 93 एक्टिव केस थे, जिनकी संख्या अब 5364 पहुंच गई है। कोरोना 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैल गया है। बीते 24 घंटे में 500 नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1679 मामले हैं। इसके बाद गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596, दिल्ली में 592 और महाराष्ट्र में 548 एक्टिव केस हैं। कोरोना के नए वैरिएंट्स से जनवरी से अब तक 55 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 53 की मौत 15



दिनों में हुई हैं। गुरुवार को दिल्ली में कोविड से दो और मौतें दर्ज की गईं। इनमें एक पांच महीने का बच्चा भी शामिल है। वहीं, केरल में 2, कर्नाटक और पंजाब में 1-1 मौत हुई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 17 मरीजों ने जान गंवाई है। ओडिशा में गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल कोविड गाइडलाइन के तहत खोले गए हैं। शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड ने बताया कि जिन बच्चों को सर्दी, खांसी या बुखार जैसे हल्के लक्षण हैं, उन्हें स्कूल में मास्क पहनना अनिवार्य है। गंभीर लक्षण वाले बच्चों को घर पर ही रहकर आइसोलेट होने की सलाह दी गई है।

कोरोना को लेकर राज्यों में मॉक ड्रिल हुई केंद्र सरकार गुरुवार को देश भर के राज्यों के चुनिंदा अस्पतालों में मॉक ड्रिल हुई। इस दौरान इन अस्पतालों में ऑक्सीजन सप्लाई, जरूरी दवाओं की स्थिति और वेंटिलेटर की व्यवस्थाओं को परखा गया। इससे बनी रिपोर्ट में कोरोना की चौथी लहर आने की स्थिति में अस्पतालों की तैयारियों पर रेटिंग दी जाएगी।

इससे पहले 2 जून को एक शुरुआती मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें हेल्थ सर्विस इन्फ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता के लिए अस्पतालों की रेटिंग दी गई थी। इसमें लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन टैंक, प्रेशर स्विंग एडजॉर्पशन प्लांट और मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम पर फोकस किया गया था।

## कांग्रेस ने पूछा-ऑपरेशन सिंदूर क्या ट्रम्प के दबाव में रोका:पीएम चुप क्यों?

### रूस का दावा- अमेरिका की एंट्री से ही जंग रुकी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने रूस के अमेरिका की एंट्री से भारत-पाक जंग रूकने के दावे पर प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किए हैं। रमेश ने पूछा कि क्या ऑपरेशन सिंदूर को अमेरिका के दबाव में रोका गया?

कांग्रेस सांसद ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? क्या अमेरिकी दबाव में भारत ने युद्ध रोका ताकि व्यापार समझौते हो सकें? उन्होंने कहा कि यह सवाल सैन्य नहीं, बल्कि राजनीतिक हैं।

दरअसल, रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता यूरी उशाकोव ने दावा किया है कि ट्रम्प की निजी भूमिका से भारत-पाक के बीच युद्ध रुका था। इस मुद्दे पर ट्रंप और पुतिन की बातचीत भी हुई थी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भी 10 मई से लगातार दावा कर रहे हैं कि उनकी व्यापार बंद करने की चेतावनी के चलते भारत और पाकिस्तान ने इस युद्ध को रोका था। 30 मई को भी उन्होंने ये दावा



किया था।

**राहुल ने कहा था- ट्रम्प के फोन से नरेंद्र तुरंत सरेंडर हो गए :** राहुल गांधी ने 3 अप्रैल को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री मोदी पर बयान दिया। राहुल बोले कि ट्रम्प का एक फोन आया और नरेंद्र जी तुरंत सरेंडर हो गए।

उन्होंने कहा, इतिहास गवाह है, यही BJP-RSS का कैरेक्टर है। ये हमेशा झुकते हैं। भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। कांग्रेस के बब्बर शेर और शेरनियां सुपर पावर से लड़ते हैं, कभी झुकते नहीं हैं।

## अमरनाथ यात्राः ऑपरेशन शिवा में 58 हजार जवान तैनात होंगे

**श्रद्धालुओं को ले जाने वाले खच्चरों की टैगिंग; 3 जुलाई से शुरू होगी 38 दिन की यात्रा**



**श्रीनगर,एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा के काफिले की सुरक्षा के लिए पहली बार जैमर लगाए जाएंगे, जिसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सुरक्षा प्रदान करेगी। काफिले के गुजरने के दौरान सुरक्षा के लिए यात्रा के दोनों रूट और नेशनल हाईवे की ओर जाने वाली सभी सड़कों को बंद कर दिया जाएगा। यह फैसला 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद आया है। बायसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे। इसके अलावा यात्रा के लिए अलग-अलग केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPF) की 581 कंपनियां तैनात की जाएंगी। अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को ऑपरेशन शिवा नाम दिया गया है। लगभग 42000 से 58,000 जवान तैनात होंगे। CAPF में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, सशस्त्र सीमा बल, इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस, सेंट्रल इंडस्ट्री सिक्योरिटी फोर्स शामिल रहती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 156 कंपनियां पहले से जम्मू-कश्मीर में तैनात थीं, जबकि 425 नई कंपनियों को 10 जून तक तैनात किया जाएगा। 3 जुलाई से 9 अगस्त तक चलने वाली यात्रा पहली बार 38 दिन की हो रही है। 9 अगस्त को छड़ी मुबारक के साथ रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी। इस बार श्रद्धालुओं को कंधे पर बिठाकर ले जाने वाले पोनी वालों का वैरिफिकेशन होगा। क्रिमिनल रिकॉर्ड वाले पोनी वालों को सर्विस की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा उन घोड़े-खच्चर की भी टैगिंग होगी जिन पर बैठकर श्रद्धालु यात्रा पर जाएंगे।

## माल्या का दावा-जेटली को बताकर जेनेवा गया था,पासपोर्ट रद्द हुआ तो लौट नहीं पाया

### भगोड़ा नहीं हूं, निष्पक्ष जांच हो तो वापसी को तैयार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने दावा किया, देश छोड़ने से पहले वो तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिले और उनसे कहा कि वो एक बैठक के लिए जेनेवा जा रहा हैं और वापस आएंगे। लेकिन उनका पासपोर्ट निरस्त कर दिया गया, जिसके कारण वो वापस नहीं आ पाए।माल्या ने खुद को



चोर कहे जाने पर कहा कि मुझे भगोड़ा कह रहे हैं, लेकिन मैं भागा नहीं। मैं तय कार्यक्रम के तहत विदेश गया और वापस नहीं आया, क्योंकि मेरे पास सही वजहें थीं। लेकिन मुझे चोर क्यों कहा जा रहा है? चोरी कहां हुई? वहीं, उन्होंने किंगफिशर एयरलाइंस की नाकामी पर पहली बार सार्वजनिक माफी मांगी है। उन्होंने कहा, मैं किंगफिशर एयरलाइंस की विफलता के लिए सभी से माफी मांगता हूं। माल्या ने यह बयान बिजनेसमैन राज शमानी के साथ पॉडकास्ट में दिए हैं। जो कि शुक्रवार को रिलीज किया गया है। ये पॉडकास्ट 4 घंटे लंबा है।

## गृह मंत्रालय का बयानः परिसीमन में दक्षिणी राज्यों की चिंताओं का रखा जाएगा ध्यान

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि जनगणना आधारित परिसीमन प्रक्रिया में दक्षिणी राज्यों की चिंताओं को पूरी गंभीरता से लिया जाएगा और उचित समय पर सभी संबंधित पक्षों से चर्चा की जाएगी। गृह मंत्रालय (एमएचए) के प्रवक्ता ने यह बयान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन की ओर से उठाई गई उस चिंता के एक दिन बाद दिया, जिसमें उन्होंने 2026 के बाद होने वाले परिसीमन से दक्षिण भारत की संसदीय सीटों में संभावित कटौती का सवाल उठाया था। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, गृह मंत्री ने कई बार स्पष्ट किया है कि परिसीमन प्रक्रिया के दौरान दक्षिणी राज्यों की चिंताओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा और इस मुद्दे पर उचित समय पर सभी संबंधित पक्षों से चर्चा की जाएगी। जनगणना 2021 में कराई जानी थी और इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं, लेकिन कोरोना महामारी फैलने के कारण इसे टालना पड़ा।

## सिक्किम में तबाहीः चेट्टन में फंसे 64 पर्यटकों में 17 को सुरक्षित निकाला गया, बचाव दल ने फिर शुरू किया अभियान

**गंगटोक ,एजेंसी।** सिक्किम के चेट्टन में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में फंसे 64 पर्यटकों में से 17 को सुरक्षित निकाल लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पर्यटकों को निकालने के लिए शुक्रवार सुबह फिर से बचाव अभियान शुरू किया गया। खराब मौसम के चलते बृहस्पतिवार को बचाव अभियान रोकना पड़ा था।

अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर की मदद से शुरू किया गया दिन का पहला बचाव अभियान सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। चेट्टन से 17 लोगों को सुरक्षित निकालकर हेलीकॉप्टर से पाकयोंग के ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे पर पहुंचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि चेट्टन में अभी भी करीब 47 लोग फंसे हुए हैं। उन सभी को जल्द से जल्द हेलीकॉप्टर से निकाला जाएगा।

**सरकार ने गंगटोक से की बसों की व्यवस्था :** एक अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने बचाए गए लोगों को हवाई अड्डे से गंगटोक ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की है, जहां से उन्हें अपने गंतव्य के लिए रवाना किया जाएगा। उन्होंने



बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की एक टीम भी हवाई अड्डे पर मौजूद थी, जो बचाए गए लोगों की प्रारंभिक चिकित्सा जांच कर रही थी।

**एक दिन पहले 63 लोगों को निकाला गया था :** अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को चेट्टन में फंसे कुल 63 लोगों को हेलीकॉप्टर की मदद से निकाला गया था। इनमें अधिकतर पर्यटक थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को फिर से बचाव अभियान शुरू किया गया। पाकयोंग ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे से तीन हेलीकॉप्टरों ने उड़ान भरी। अधिकारियों ने बताया कि मौसम और इलाके की स्थिति को देखते हुए आगे भी बचाव अभियान जारी रहेगा।

**एक जून को सैन्य शिविर में हुआ था भूस्खलन :** गौरतलब है कि एक जून की शाम को चेट्टन में एक सैन्य शिविर में भूस्खलन हुआ। इस हादसे में तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई थी। जबकि, छह सैनिक लापता हो गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि लापता सैनिकों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# हरिहरपुर में 5.80 लाख नकदी व सोने की तीन चेन समेत जमीन के दस्तावेजों की चोरी, पीड़ित ने थाना में दी लिखित शिकायत

### हरिहरपुर के धर्मेंद्र कुमार राय ने एकमा थाना में आवेदन देकर रांची के दो लोगों पर लगाया चोरी का आरोप

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार राय ने एकमा थाना में अपने बड़े भाई की आलमारी में रखे 5 लाख 80 हजार रुपये नकद, सोने की तीन चेन व जमीन से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी होने की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने चोरी की घटना का आरोप झारखंड के रांची निवासी दो लोगों अशोक कुमार शर्मा व संतोष मृदुला पर लगाया है।

धर्मेंद्र राय ने बताया कि यह चोरी 6 जून को उस समय हुई, जब उनके बड़े भाई पंकज कुमार सिंह के कमरे में रखे स्टील के बॉक्स को तोड़कर नकदी, गहने व दस्तावेज गायब कर दिए गए। चोरी गए बॉक्स में जमीन संबंधी कई जरूरी कागजात भी थे।आरोपित ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि दोनों लोग हाल के दिनों में उनके घर में लगातार आना-जाना कर रहे थे और आसपास के लोगों से मेलजोल बढ़ा रहे थे। धर्मेंद्र राय ने यह भी आरोप लगाया कि चोरी के बाद से उक्त दोनों व्यक्ति रात में चार-पांच की संख्या में संदिग्ध लोगों के साथ उनके घर के आसपास घूमते देखे गए हैं। जिससे परिवार को जान-माल की सुरक्षा को लेकर भी भय है।उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित द्वारा आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया में जुटी हुई है।

## जमीन विवाद में मापी के बाद भी मारपीट में आधा दर्जन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के गोढ़ना गांव में विवादित जमीन की मापी के बाद भी उठे विवाद में मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में गोढ़ना गांव निवासी 50 वर्षीय राजबलभ राय, 18 वर्षीय रोहित कुमार, 50 वर्षीय उमेश राय, 35 वर्षीय रीना देवी, 36 वर्षीय बसंती देवी और 40 वर्षीय बेबी देवी शामिल हैं। पुलिस से शिकायत दर्ज कराने की बात बताई गई।

## इलाज के एक सप्ताह बाद गर्भवती महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** इलाज के एक सप्ताह बाद एक गर्भवती महिला की मौत होने के बाद गुरूवार को परिजनों ने शव को नर्सिंग होम पर रखकर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।मृतका गुड़िया देवी (22) वैशाली जिले के लालगंज लक्मी नारायणपुर गांव निवासी रविरंजन कुमार की पत्नी बतायी जाती है।

वैशाली जिले के लालगंज लक्ष्मी नारायणपुर गांव के रविरंजन कुमार उर्फ करण डेरनी रोड स्थित आईटीआई के समीप एक किराए के मकान में सालों से रहता था।उसकी पत्नी गुड़िया करीब डेढ़ माह की गर्भवती थी जिसे अचानक ब्लीडिग शुरू तो 24 मई को वह भेल्दी थाने के डेरनी रोड स्थित मां शारदा हेल्थ केयर में इलाज कराने के लिए ले गए जहां शत्रुघ्न कुमार,रोहित कुमार व एक महिला ने उनकी पत्नी को सुई दवाई दी और किसी डाक्टर को बुलाकर इलाज कराने की बात कही।रविरंजन कुमार के अनुसार कुछ देर बाद जब उनक पत्नी गुड़िया को कंपकपी होने लगी तो वे घर पर चादर लाने के लिए चले गए। लौटने पर देखा कि उनकी पत्नी को ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया था।ओटी से बाहर निकलने के बाद उनकी पत्नी की हालत काफी बिगड़ गई।चार दिनों तक नर्सिंग होम में इलाज करने के बाद वे मरीज को पटना के रामकृष्ण नगर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराए।पटना में एक सप्ताह इलाज कराने के बाद बुधवार की रात गुड़िया देवी की मौत हो गई।महिला मरीज की मौत के बाद गुरूवार को शव को नर्सिंग होम पर लाकर रख दिया गया और देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में लोग व नर्तकियां जुट गई और हंगामा करने लगे।घटना की सूचना मिलते ही भेल्दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया।मृतका के पति रविरंजन कुमार ने थाने में एक लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।हालांकि समाचार प्रेषण तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है।

## मृतक के आश्रित को सीओ ने सौंपा चेक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक अंचल कार्यालय परिसर में शुक्रवार को सीओ सुमंत कुमार ने सर्पदंश से मृतक के आश्रित को मुवाअजा का चेक सौंपा। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि पंचखंडा गांव निवासी निकेश मांझी की सर्पदंश के कारण मृत्यु हो गई। उनके निकटम आश्रित को आपदा अनुग्रह अनुदान राशि 4 लाख रुपये का चेक आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से प्रदान किया गया। दर्शन ठाकुर गोपालवाड़ी को उनके गृह क्षति हेतु 3200 का चेक सीओ द्वारा प्रदान किया गया।

## प्रेग्नेंट पत्नी की हत्या,पति को 10 साल की सजाःअजन्मे बच्चे के मरने पर 7 साल का दंड,

**भागलपुर,एजेंसी।** भागलपुर सिविल कोर्ट ने प्रेग्नेंट पत्नी की हत्या और गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत के मामले में दोषी को 10 और 7 साल की सजा सुनाई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी।कोर्ट ने दोषी पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं जमा करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-15 के जज सुरेश प्रसाद की कोर्ट ने ये फैसला सुनाया। 2 साल पहले हुई काजल कुमारी (28) की हत्या के मामले में कोर्ट ने उसके पति साजन यादव (32) को 2 जून को दोषी करार दिया था। सजा के लिए गुरुवार यानी 5 मई की तारीख तय की थी। सजा सुनाए जाने के बाद मृतका की मां यानी दोषी साजन की सास ने कहा कि दामाद को फांसी की सजा होती तो संतुष्टि मिलती।


काजल कुमारी, मृतका

**16 जून 2023 को हुई थी काजल की हत्या** काजल की हत्या 16 जून 2023 को हुई थी। मामला बरारी थाना क्षेत्र के संत नगर मोहल्ले का है। पीरपैंती थाना क्षेत्र के अठनियां गांव के रहने वाले साजन यादव ने 2021 में काजल से लव मैरिज की थी। इसके बाद दोनों बरारी के संत नगर में किराए के मकान में रहते थे। काजल की मां सुशीला देवी के मुताबिक, शादी के बाद से ही साजन लगातार दहेज की मांग को लेकर काजल की पिटाई करता था।

# अब तक चुनाव जाति और धर्म के नाम पर लड़े गए,इस बार व्यवस्था परिवर्तन क़े नाम पर बिहार की जनता वोट करेगी- प्रशांत किशोर



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार बदलाव यात्रा पर निकले जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर शुक्रवार को दरिहारा, बैजलपुर कैशव में पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें अंग बस्त्र व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। प्रशांत किशोर नयागांव कीड़ा मैदान स्थल पर पहुंचे, जहाँ जनसुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूल माला व अंग बस्त्र देकर उनका स्वागत किया।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि अब तक चुनाव जाति और धर्म के नाम पर लड़े गए। इस बार बिहार में विकसित बिहार, समृद्ध बिहार व खुशहाल बिहार क़े साथ व्यवस्था परिवर्तन क़े नाम पर बिहार की जनता वोट करेगी । बिहार की जनता पिछड़ा राज्य से मुक्त होना चाहती है। इसलिए बिहार के हर लोग बिहार में सत्ता परिवर्तन के साथ-साथ व्यवस्था परिवर्तन के मूड में है। इस बार हर वोटर अपने बच्चों के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, रोजगार, जन समस्याओं को निदान को लेकर वोट करेगी। उन्होंने जनता से अपील किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव 2025 में वोट जाति, धर्म या किसी नेता के चेहरे को देखकर नहीं, अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार को देखकर दें। उन्होंने कहा कि बिहार में जनता का राज लाना है, नेताओं का नहीं। बिहार बदलाव यात्रा% के तहत प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि राहुल गांधी को बिहार सिर्फ चुनाव के वक्त ही क्यों याद आता है। राहुल गांधी और मोदी जी सिर्फ चुनाव के वक्त ही बिहार आते हैं, जैसे ही चुनाव खत्म हो जाते हैं, उनका बिहार आने का सिलसिला भी समाप्त हो जाता है। राहुल गांधी यहां आकर बिहार की समस्याओं की बात करते हैं लेकिन क्या वो कभी बिहार के किसी गांव में एक रात भी रुके हैं। आज वो बिहार आकर कानून व्यवस्था की बात कर रहे हैं तो मैं उन्हें याद दिलाना चाहूंगा कि जब वो दिल्ली में कांग्रेस के युवराज थे, तब बिहार में लालू जी का जंगलराज था, तब उन्हें बिहार में अपराध नहीं दिखता था। और कुछ समय पहले महागठबंधन की सरकार थी जिसमें उनकी पार्टी भी हिस्सा थी, तब उन्हें बिहार में अपराध नहीं दिखा। उन्हें बिहार की समस्याएं सिर्फ विपक्ष में रहने पर ही क्यों दिखती हैं और सत्ता में आते ही वो सब कुछ भूल जाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी को याद दिलाया कि जब उनके पिता राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने 1989 में पटना के गांधी मैदान से बिहार के विकास के लिए 50 हजार करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी। लेकिन बिहार को एक रुपया भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को सत्ता से बेदखल करना है और विकसित बिहार बनाना है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बिहार में एक भी कल कारखाना नहीं खुला और गुजरात में लगातार करखाना खुल रहा है। ऐसे में बिहार की जनता को बिहार में कल कारखाना खुलवाना है, बच्चों को रोजगार मिले गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था हो, बिहार के लोग का पलायन बंद हो तो अपने बच्चों के मुंह देखकर के इस बार विकास की मोहर लगाये। जन सुराज सत्ता में आएगा विकसित बिहार,समृद्ध बिहार बन जाएगा। बिहार से पलायन रुक जाएगा, यह जन सुराज का वादा है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## बकरीद की तैयारी : डीएसपी ने किया पैदल मार्च, हर इलाके पर नजर



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बकरीद त्योहार पर विधि व्यवस्था और इलाके में शांति व्यवस्था को देखते हुए मशरक थाना परिसर से डीएसपी अमरनाथ के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के गांवों के मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में सीओ सुमंत कुमार , बीडीओ पंकज कुमार, थानाध्यक्ष रणधीर कुमार समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहें। फ्लैग मार्च थाना परिसर से निकाला गया जो दुर्गा चौंक , स्टेशन रोड, महावीर चौक होते हुए सोनौली समेत अन्य गांवों से गुजरा। डीएसपी अमरनाथ ने बताया कि बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए पुलिस सतर्क है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील गांवों में गश्त बढ़ा दी गई है। त्योहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस बल का विशेष इंतजाम किया गया है। सीओ सुमंत कुमार ने कहा कि सभी लोग मिल जुल कर त्योहार मनायेंगे। शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। सभी को सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में अपनी सहभागिता रखनी हैं। किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। सोशल मीडिया में किसी भी घटना के बारे में पोस्ट करना है तो पहले उसकी सत्यता जान ले अन्यथा अफवाह फैलाने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के द्वारा यदि कोई भी गतिविधि दिखती है तों उन्हें सूचना जरूर दें।

## बेटे के मुंडन में शामिल होने आ रही मां को सड़क हादसे ने निगल लिया

### तेज रफ्तार वाहन ने ली महिला की जान, ढाई साल का मासूम बेटा व बुजुर्ग ससुर बने गवाह

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** सपनों व खुशियों से भरे दो मासूम बच्चों की खुशहाल दुनिया से एक मां की ममता का साया उस समय सूनी हो गई, जब बेटे के मुंडन संस्कार में शामिल होने आ रही रानी देवी की गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा एकमा थाना क्षेत्र के छपरा-सिवान नेशनल हाईवे 531 पर एकमा बस स्टैंड के समीप हुआ। सीएनजी टेम्पो से उतरते ही एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप वाहन ने रानी देवी (30) को कुचल दिया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साथ खड़े उनके ढाई वर्षीय पुत्र देवांश व बुजुर्ग ससुर उदय नारायण राय बाल-बाल बच गए।रानी देवी सिवान जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी सुमन राय की पत्नी थीं। मूल रूप से एकमा थाना क्षेत्र के भरहोपुर गांव निवासी योगेन्द्र सिंह की पुत्री रानी की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व हुई थी। उनके पति सुमन राय सऊदी अरब में नौकरी करते हैं। हादसे की सूचना मिलते ही वह स्वदेश लौटने के लिए रवाना हो चुके हैं।परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को बाबा महेन्द्रनाथ धाम (मेंहदार) में देवांश का मुंडन संस्कार होना था। जिसकी सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई थीं। रानी देवी अपने ससुर व बेटे के साथ पटना से देर रात छपरा होते हुए एकमा पहुंचीं थीं। टेम्पो से उतरने के बाद ससुर व बेटा नाली के किनारे खड़े थे, जबकि रानी देवी किराया चुका रहीं थीं, तभी यह हादसा हो गया।हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल महिला को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा गया।घटना के बाद एकमा सीएचसी में मृतका के मायके व ससुराल पक्ष के लोगों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। अस्पताल परिसर चीख-पुकार से गूंज उठा। भरहोपुर स्थित मृतका के मायके में भी मातम पसरा है। रिश्तेदार व ग्रामीण ढाढ़स बंधाने पहुंच रहे हैं।

मृतका की 8 वर्षीय पुत्री शान्वी, जो पटना के खाजपुरा स्थित सेंट कैरेज मोंटेसरी स्कूल में कक्षा 2 की छात्रा है, मां को याद कर बार-बार रो उठती है। कभी वह अपने छोटे भाई को बिस्कुट खिलाकर या मोबाइल पर गेम दिखाकर बहलाने की कोशिश करती है, तो कभी मां को पुकारते हुए सिसक उठती है।भरहोपुर में रानी देवी के मायके वालों ने बताया कि मुंडन संस्कार की खुशी में घर में उत्सव का माहौल था। लेकिन अचानक सब कुछ मातम में बदल गया।उधर पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार ने हाईवे किनारे लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से हादसे के लिए जिम्मेदार वाहन व उसके चालक की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है। एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपने के बाद मामले की छानबीन की जा रही है।

## जनवितरण प्रणाली के डीलर की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली डीलर की बैठक प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में शुक्रवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जन वितरण विक्रेताओं को लाभुकों के आधार कार्ड जोड़ने, खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता बरतने, समय से लोगों को खाद्यान्न वितरण करने सहित अन्य प्रकार का दिशा निर्देश दिया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि खाद्यान्न वितरण करने में लापरवाही बरतने वाले जन वितरण विजेताओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।



## बनियापुर का लाल शहीद, पार्थिक शरीर पहुंचते गांव में मचा कोहराम



**दैनिक खोज ख़बर /बनियापुर।** भारतीय सेना के चीन बॉर्डर पर ऑपरेशन स्नो लेपर्ड के दौरान सेना का एक जवान शहीद हो गया। शहीद जवान प्रखण्ड के रामधनाव निवासी रघुनाथ साह का पुत्र देव किशोर साह है। जवान ऑपरेशन स्नो लेपर्ड में शामिल थे। इसी दौरान 27 मई को उनके मस्तिष्क में दर्द हुई। परेशानी को देखते हुए जवान को इलाज हेतु आर्मी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। 5 जून को देव किशोर साह वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी शहादत की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों और परिजनों ने गर्व के साथ उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। शहीद का पार्थिव शरीर 6 जून को पटना एयरपोर्ट लाया गया, जहां बिहार सरकार के मंत्रियों, सेना के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पटना एयरपोर्ट पर सेना की टुकड़ी द्वारा सैन्य सम्मान के साथ सलामी दी गई, और भारत माता की जय के नारों के बीच उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इसके बाद शहीद जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव रामधनाव लाया गया। शहीद जवान देवकिशोर साह तीन भाइयो में सबसे छोटे थे। उनकी नौकरी सेना में 2012 में लगी थी। वे हिमाचल प्रदेश में पोस्टेड थे। उन्हें एक लड़का एवं दो लड़की है। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि प्रभुनाथ मांझी ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## जिलास्तरीय जांच टीम ने जिले में दर्ज शिकायतों को लेकर सीएचसी मशरक का किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य का जिलास्तरीय जांच टीम ने शुक्रवार को विभिन्न दर्ज कराई गई अनियमितताओं को लेकर जांच-पड़ताल की। जांच टीम में जिलास्तरीय मलेरिया पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह और एनसीडीओ डॉ रत्नेश्वर प्रसाद सिंह ने शिकायतकर्ताओं की उपस्थिति में विभिन्न बिंदुओं पर जांच पड़ताल की। जिला मलेरिया पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि जिले में सीएचसी मशरक के बारे में विभिन्न बिंदुओं पर दर्ज कराई गई शिकायतों पर जांच के वे पहुंचे हैं और उनके द्वारा गहनता से जांच पड़ताल की गयी उन्होंने कहा कि जो भी जांच रिपोर्ट होंगी वह जिले को सौंप दी जाएंगी। आपकों बता दें कि बीते सप्ताह पहले भी सीएचसी मशरक में विभिन्न लोगों के द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों पर भी राज्यस्तरीय जांच टीम में उप सचिव स्वास्थ्य के द्वारा जांच की गयी हैं। आपकों बता दें सीएचसी मशरक में चिकित्सक के ड्यूटी से गायब रहने समेत विभिन्न अनियमितता के बिंदुओं पर शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसकी जांच-पड़ताल हो रहीं हैं।




## आंधी पानी ने मांझी में तबाही मचाई

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखंड क्षेत्र में बीती रात्रि आई आंधी पानी ने जबरदस्त तबाही मचाई। आँधी की वजह से मांझी से बनवार को जोड़ने वाले पथ पर एक विशालकाय आम का पेड़ धराशायी हो गया जिससे उक्त मार्ग पर आवागमन ठप हो गया। प्रखंड के गौरी तथा सबदरा गाँव में बिजली के दर्जनों खम्भे टूटकर गिर गए। कई स्थानों पर पोल व तार पर पेड़ की डाली टूटने से विद्युत ब्यवस्था बाधित हो गई। आँधी पानी की वजह से माँझी के अधिकांश भाग में लगभग 15 घण्टे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही जिसके चलते विद्युत संचालित यंत्र एवम खास तौर पर नल जल योजना की पानी के लिए बेहाल रहे। आँधी पानी से आम के पेड़ों से बड़ी मात्रा में आम झड़ गए।

## आपसी विवाद में महिला को मारपीट कर किया घायल

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बलियाकोठी गांव में आपसी विवाद में एक महिला को मारपीट कर घायल कर दिया गया. बुरी तरह से घायल महिला इंदु देवी पति दिनेश पांडेय का इलाज एकमा सीएचसी में चल रहा है. रसूलपुर थाना को दिये आवेदन में पीड़िता इंदु देवी ने कहा है कि घर पर पड़ोसी जितेंद्र पांडेय,सत्येंद्र पांडेय और राहुल पांडेय पहुंचे और अनायास गाली गलौज करते हुए डंडे व लाबदा से मार मार कर उसे घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी. पुलिस ने बताया कि मामले की जांच करने के बाद एफआईआर दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी.

## आपसी विवाद में हुई मारपीट में दो युवक घायल

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के पंचमावा में शुक्रवार को आपसी विवाद में हुई मारपीट में दो युवक घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार रेफरल अस्पताल में कराया गया। घायलों में हरेराम प्रसाद के पुत्र पवन कुमार और दारौंदा थाना क्षेत्र के हाथोपुर निवासी सुरेश प्रसाद के पुत्र सुमित कुमार शामिल हैं।

## बाइक से गिरकर दो युवक घायल

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सिवान-सिसवन मुख्य मार्ग पर चांदपुर गांव के समीप शुक्रवार को बाइक से गिरकर दो युवक घायल हो गए। घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया गया। घायलों में पुष्टि कला निवासी बालचंद राय के पुत्र संदीप यादव और भिखारी सिंह के पुत्र रजत कुमार के रूप में हुई है।

## सर्पदंश से युवक अचेत

**सिसवन (सिवान)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में सर्पदंश से एक युवक अचेत हो गया। उसका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। घायल की पहचान चंद्रिका साह के पुत्र मनीष कुमार साह के रूप में हुई है।

## करंट लगने से युवक की मौत, स्वजनों में मचा कोहराम

**जीरादेई (सिवान)** ~थाना क्षेत्र के भलुआ में शुक्रवार को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान वीरेंद्र खरवार के 35 वर्षीय पुत्र मुन्ना खरवार के रूप में हुई है। बताते हैं कि मुन्ना खरवार गांव-गांव घूम-घूमकर कर नल लगाने का काम करता था। शुक्रवार को वह खरगीरामपुर गांव में नल लगा रहा था तभी बिजली प्रवाहित होने से करंट की चपेट में आ गया। आसपास के ग्रामीण उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाए जहां चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया।स्वजनों ने बताया कि मुन्ना खरवार घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। वह रोज नल लगाने अगल बगल के गांव में जाता था जो मजदूरी मिलती थी उसी से परिवार का खर्च चलता था। ग्रामीणों ने बताया कि उसकी मौत से घर पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।

## बच्चों के विवाद में चाकू मार किया घायल

**सिवान** ~महाराजगंज थाना क्षेत्र के निजामत कपिया में बुधवार को एक व्यक्ति को गांव के ही कुछ लोगों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इस मामले में घायल सुनील कुमार चौहान के पुत्र सचिन कुमार ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही पृथ्वी महतो, धीरज कुमार, उत्तम कुमार को आरोपित किया है। घटना का कारण बच्चों का विवाद बताया जाता है।

## भूमि विवाद को ले हुई मारपीट में तीन घायल

**भगवानपुर हाट (सिवान)** ~ थाना क्षेत्र के लहुड़ी कौड़ियां में शुक्रवार को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में हरेंद्र राय, संजीत कुमार और सुमंत कुमार शामिल हैं।

## एसडीओ को किया सम्मानित

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)।** महाराजगंज अनुमंडल कार्यालय में प्रखंड के नरहरपुर निवासी युवा जदयू प्रदेश सचिव मनोज पटेल ने एसडीओ अनीता सिन्हा को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया तथा क्षेत्र के लोगों को विकास योजनाओं का भरपूर लाभ मिलने की उम्मीद जताई। इस मौके पर जदयू नेता शिवजी ठाकुर, हरेराम कुशवाहा,रजनीश प्रसाद कुशवाहा, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

## पर्यावरण दिवस पर एक सौ औषधीय पौधे का वितरण

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड के ब्रह्मस्थान गांव लोक सेवक समाज द्वारा गुरुवार को पर्यावरण दिवस के अवसर पर करीब सौ औषधीय पौधे का वितरण किया गया। इस अवसर पर मनीष कुमार ने पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए पौधारोपण पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन अनिमेष कुमार ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता प्रद्युम्न राय ने कहा कि पर्यावरण संतुलित होगा तो हमारे जीवन भी संतुलित होंगे। उन्नत कृषि होगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा। औषधीय पौधारोपण करना बहुत अच्छी बात होगी। इस अवसर पर नागेंद्र उपाध्याय, रामेश्वर राम, रमेश चंद्र वर्मा, राजीव सिंह आदि उपस्थित थे।

## वर्षा से जगह-जगह जल जमाव व कीचड़ से परेशानी

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के गहिलापुर, कांधपाकड, फाजिलपुर समेत आदि गांव में गुरुवार की रात से शुक्रवार की सुबह तक तेज वर्षा होने से जहां किसानों ने गर्मी से राहत की सांस ली, वहीं खेतों में पानी जमा होने से किसानों के चेहरे पर खुशी देखी गई, लेकिन यह वर्षा कृषि के लिए नाकाफी रही। किसानों का कहना था कि यह वर्षा धान का बिचड़ा डालने के लिए नाकाफी है। अधिक वर्षा की आवश्यकता है। वहीं वर्षा से जगह- जगह जल जमाव एवं कीचड़ होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे कच्ची सड़कों की स्थिति बदतर हो गई है। इस पर चलना मुश्किल हो गया है। नहर सड़क पर जलजमाव व कीचड़ होने से चलना मुश्किल हो गया है। इस कारण आने- जाने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सूबेदार मेजर विपिन बिहारी सिंह की पुण्यतिथि आज

**रघुनाथपुर (सिवान)।** प्रखंड के राजपुर में शनिवार को राष्ट्रपति से सम्मानित सूबेदार मेजर विपिन बिहारी सिंह की 10वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। यह जानकारी देते हुए स्वजन अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि पुण्यतिथि में वीर सपूत को श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मेजर विपिन बिहारी 1962, 1965, 1967 और 1971 के युद्धों में अग्रिम मोर्चों पर तैनात रहे और वीरता का परिचय दिया। 1965 भारत-पाक युद्ध में उन्होंने दुश्मन की चौकी पर साहसिक कार्रवाई कर अपनी टुकड़ी को सुरक्षित किया। उन्होंने बताया कि 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में उनकी युद्ध रणनीति ने दुश्मन को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। उनकी बहादुरी और अनुशासन के लिए उन्हें कई सैन्य सम्मानों से सम्मानित किया गया। तत्कालीन राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी द्वारा उन्हें विशेष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे 1986 में सूबेदार मेजर पद से सेवानिवृत्त होने के बाद अपना जीवन अपने गांव और समाज को समर्पित कर दिया।

# दाउदपुर में वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा निर्माण हेतु भूमि पूजन, समाजसेवियों ने लिया हर संभव सहयोग का संकल्प




**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी प्रखंड के दाउदपुर बाजार स्थित छपरा-सिवान एनएच-531 के किनारे वीर कुंवर सिंह चौक पर शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार व विधिवत पूजा-अर्चना के बीच प्रतिमा निर्माण के लिए भूमि पूजन कर आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी व ग्रामीण शामिल हुए।इस अवसर पर समाजसेवी धड़ाका सिंह, जदयू नेता जितेंद्र सिंह व दाउदपुर पंचायत के मुखिया अभिषेक सिंह आदि ने वीर कुंवर सिंह के शौर्य और बलिदान को याद करते हुए उनके सम्मान में प्रतिमा निर्माण कार्य को ऐतिहासिक बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह चौक आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और स्वाभिमान की प्रेरणा देता रहेगा।कार्यक्रम के दौरान जदयू नेता जितेंद्र सिंह ने प्रतिमा निर्माण समिति को दो लाख 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की और आगे भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। उन्होंने क्षेत्र के संपन्न नागरिकों व व्यवसायियों से भी इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर योगदान देने की अपील की।

इस दौरान धड़ाका सिंह ने सहयोग के लिए जितेंद्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए अन्य लोगों से भी आर्थिक सहयोग की अपील की। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान दाउदपुर थानाध्यक्षा रिंकी मिश्रा पुलिस बल के साथ मौजूद रहीं और विधि-व्यवस्था की निगरानी करते हुए इस कार्य को सराहनीय बताया।

## डेरनी गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री जयंती पर श्रद्धा व भक्ति का संगम

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** डेरनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ ऋतंभरा प्रज्ञा आश्रम में शुक्रवार को गायत्री जयंती का पावन पर्व श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव से मनाया गया। आयोजन की शुरुआत वैदिक विधि-विधान से हुई। साधना दीप प्रज्वलन, गुरु वंदना और मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

सद्गुरु ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गायत्री जयंती सद्ज्ञान के अवतरण का महापर्व है। गायत्री को वेदमाता, देवमाता और विश्वमाता कहा गया है। यह भारतीय संस्कृति की जननी तथा आत्मबल की अधिष्ठात्री देवी हैं।उन्होंने कहा कि गायत्री में वे सभी विशेषताएं हैं, जो उसे सार्वभौमिक उपासना का पद प्रदान करती हैं। इसी ज्ञान-विज्ञान की देवी का जन्मोत्सव है गायत्री जयंती।पूरे वैदिक कर्मकांड का संचालन सद्गुरु मुकेश ऋषि के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में गुरु आवाहन, गायत्री आवाहन, सर्वदेव नमस्कार, स्वस्तिवाचन और अग्नि स्थापना के उपरांत गायत्री महामंत्र से आहुतियां दी गईं। उपस्थित श्रद्धालुओं ने विश्वकल्याण की कामना के साथ यज्ञ में भाग लिया।इस अवसर पर कालीचरण प्रसाद, रेखा देवी, रीता देवी, मंजू देवी, लखपति देवी, सनकेशा देवी, गायत्री देवी, आदित्य कुमार, भागीरथ कुमार और आशुतोष कुमार ने विशेष रूप से यज्ञ में आहुतियां अर्पित की।

## दीपिका बनीं 'फेसक्राफ्ट क्वीन', निक्की को मिला 'स्टाइलिस्ट स्टार' का खिताब




**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** सौन्दर्य कला दक्षता का बेहतर व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्लैम ब्यूटी छपरा की दीपिका को फेसक्राफ्ट ऑफ एक्सीलेंस ट्रॉफी एवं प्रतिभागी निक्की को स्टारलाइट स्टाइलिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

सौंदर्य और ब्यूटीशियन के क्षेत्र में करियर बना रही छात्राओं के लिए आज चांदनी मेक ओवर दिल्ली की ओर से शहर के नेहरू चौक स्थित जेपी पैलेस में एक दिवसीय मेकअप मास्टर क्लासेस का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से फैशन व खूबसूरती की दुनिया में बतौर एक मेकअप आर्टिस्ट सैकड़ों प्रतिभागियो ने भाग लिया। इस सत्र में जिले भर से सैकड़ों महिला मेकअप आर्टिस्ट और सौंदर्य क्षेत्र की छात्राओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की मुख्य प्रशिक्षिकाएं दिल्ली से आई प्रसिद्ध मेकअप एक्सपर्ट चांदनी यादव एवं वेदिका सोनी सिंह रहीं। उन्होंने आधुनिक, ट्रेंडिंग और जटिल मेकअप तकनीकों पर प्रतिभागियों को विस्तारपूर्ण जानकारियां दी।इस दौरान एडवांस स्किल्स की व्यापक ट्रेनिंग कार्यक्रम में थ्योरी से लेकर प्रैक्टिकल तक मेकअप आर्ट के आधुनिक आयामों को कवर किया गया। विशेष रूप से कैमरा फ्रेंडली लुक देने वाला एचडी मेकअप, बिना ब्रश के एयरब्रश टेक्निक, ब्राइडल मेकअप के ट्रेडिशनल से कंटेम्परारी स्टाइल, आंखों की सुंदरता बढ़ाने वाला कट-क्रीज आई मेकअप, ड्यूई लुक, कंटूरिंग और हाइलाइटिंग, स्किन प्रेप व प्राइमिंग टेक्निक, फेस एनालिसिस और प्रोडक्ट सिलेक्शन जैसे एडवांस विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने इन तकनीकों का लाइव प्रैक्टिकल भी किया।इस मौके पर प्रशिक्षिकाओं ने कहा कि आज ब्यूटी इंडस्ट्री निरंतर विकसित हो रही है। ऐसे में ज़रूरी है कि हर प्रोफेशनल खुद को नवीनतम ट्रेंड्स और तकनीकों के साथ अपडेट रखे। एडवांस स्किल्स ही आज के समय की मांग हैं।

# सारण के आकाश सिंह बनेंगे मिस्टर एशिया व वर्ल्ड में भारत की पहचान



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** जिले के नगर पंचायत एकमा बाजार के हंसराजपुर गांव से निकले आकाश कुमार सिंह ने असाधारण सफर की कहानी लिख दी है। आकाश अब मिस्टर एशिया व मिस्टर वर्ल्ड 2025 की अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वो बिहार के पहले बॉडी बिल्डर हैं। जिन्हें इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन ( आईबीबीएफ ) ने इसके लिए चुना है।सारण जिले के एकमा नगर पंचायत के हंसराजपुर निवासी मनोज सिंह के पुत्र आकाश ने साबित कर दिया कि संकल्प व परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। खेती-किसानी वाले परिवेश से निकलकर उन्होंने अपनी फिटनेस व समर्पण के बल पर न सिर्फ जिले व राज्य, बल्कि पूरे देश का नाम ऊंचा किया है।आकाश ने हाल ही में पुणे में आयोजित चयन ट्रायल में भाग लिया था। जिसमें उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड के बैंकॉक में होने वाले मिस्टर एशिया 2025 और इंडोनेशिया में आयोजित मिस्टर वर्ल्ड 2025 के लिए क्वालीफाई किया है।सारण बॉडी बिल्डिंग एंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रतन सिंह व सचिव श्रीराम रावत ने बताया कि आकाश का चयन न्यू बिहार बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन की ओर से किया गया था। अब वह वैश्विक मंच पर भारत की ताकत व सौंदर्य का प्रदर्शन करेंगे।उल्लेखनीय है कि आकाश ने वर्ष 2024 में जूनियर मिस्टर इंडिया का खिताब जीतकर अपनी प्रतिभा का झंडा गाड़ा था। तब भी उनकी मेहनत व अनुशासन चर्चा में रही थी।आकाश की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से हंसराजपुर गांव में जश्न जैसा माहौल है। उनके परिजन, प्रशिक्षक व ग्रामीण खुशी से झूम उठे हैं। माइक्रो जिम के कोच व साथी खिलाड़ी इस पल को प्रेरणा की मिसाल मान रहे हैं।वहीं आकाश ने कहा है कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि गांव के एक साधारण लड़के को भी मिस्टर एशिया व वर्ल्ड जैसे मंचों पर पहुंचने का मौका मिलेगा। यह मेरे गुरु, परिवार व साथी खिलाड़ियों के समर्थन का ही यह नतीजा है कि मेरा चयन इन बड़े मंचों पर प्रदर्शन के लिए मेरा सेलेक्शन हुआ है।उनकी यह उपलब्धि न केवल क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा देती है, बल्कि यह भी बताती है कि अगर लक्ष्य बड़ा हो और नीयत साफ, तो कोई भी मंच दूर नहीं होता।

## दृष्टि रथ: बिहार के दूरदराज़ गांवों तक पहुंचेगी अब रोशनी

### जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने अखंड ज्योति हॉस्पिटल को दिया तीन नई मरीज परिवहन बस

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तिचक को जीआईसी हाउसिंग लिमिटेड द्वारा मरीजों को सेवा हेतु तीन नई बसे प्रदान की गई है। जी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड प्रबंधक निदेशक व मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष सचिंद्र साल्वी व राज्य सभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के प्रतिनिधि पंकज मालवीय मेडिकल डायरेक्टर डा. अजीत पोद्दार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर तीनों नई बसों को रवाना किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि जीआईसी हाउसिंग प्रबंधक सचिंद्र साल्वी ने कहा कि जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस द्वारा तीन नई बसे दिए जाने के बाद बिहार के ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले नेत्रहीन मरीजों तक उच्च गुणवत्ता का नेत्र चिकित्सा पहुंचाने के अपने संकल्प को और सशक्त बनाते हुए अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के आउटरीच कार्यक्रम' को अब एक नई गति मिलेगी।दृष्टि रथ' में यह नई तीन वृद्ध, बिहार के सुदूर गांवों से मरीजों को मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी के लिए अखंड ज्योति अस्पताल तक लाने में अत्यंत सहायक होगी । वही पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के प्रतिनिधि पंकज मालवीय ने कहा कि जीआईसी द्वारा दान में मिली तीनों बसे दृष्टि रथ के नाम से जानी जाएगी ।जो अखंड ज्योति आई अस्पताल के सपनो को और ऊंची उरान तक ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभायेगी । ताकि रोशनी सब तक पहुंच सके ।मेडिकल डायरेक्टर डा अजीत पोद्दार ने कहा कि अखंड ज्योति अस्पताल का आउटरीच कार्यक्रम भारत के सबसे बड़े नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं में से एक है ।जिसका उद्देश्य बिहार के पिछड़े और अंधापन से ग्रस्त क्षेत्रों में घर घर जाकर नेत्र जांच करना है । इसके पूर्व निदेशक डा मृत्युंजय तिवारी व मेडिकल डायरेक्टर डा अजीत पोद्दार ने मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर वरीय प्रबंधक अमित सिंह,कुमारी छाया,कुमारी छवि उपस्थित रहे ।

## मौसम अनूकूल देख धान का बिचड़ा डालने मे जुटे किसान

**सिसवन (सिवान)।** खरीफ फसल की खेती के लिए किसान धीरे-धीरे तैयारी में लग गए हैं। रोहिणी नक्षत्र चढ़ने को लेकर बिचड़ा डालने के लिए किसान खेत में पानी लगा रहे हैं। इस नक्षत्र में धान का बिचड़ा डालने के लिए किसान पहले ही खेत की जोताई कर चुके हैं। अच्छी खेती के लिए यह नक्षत्र किसानों के लिए वरदान माना जाता है। इस नक्षत्र के डाले गए बीज से सुपंख खेती के आसार बने रहते हैं। इस लिहाज से किसान खेतीबाड़ी के लिए खेत की जोताई के बाद बिचड़ा डालने के लिए जुट गए हैं। किसान बिचड़ा डालने से पहले खेतों की सिंचाई कर उसकी जुताई कर दिए जाने से खर-पतवार सड़-गलकर खाद बन जाते हैं, जिससे उपज वृद्धि में सहायता मिलती है। ऐसा नहीं करने पर धान का बिचड़ा डालने के बाद उसमें खरपतवार उग जाते हैं, जिससे धान के पौधे कमजोर और पतला होते हैं। रोपनी के दौरान उसे उखाड़ने में भी दिक्कत होती है। किसान कमलेश सिंह, मुन्ना उपाध्याय, शशिकांत उपाध्याय, उपेंद्र गिरि, राजेंद्र साह ने बताया कि गुरुवार की रात्रि अच्छी वर्षा हुई जिसके बाद किसान धान का बिचड़ा डालने के लिए खेतों की तरफ जाने लगे। किसानों ने बताया कि वर्षा होने के कारण पंपिंग सेट से कम पानी लगेगा, जिससे किसानों को काफी बचत होगी तथा खेतों में ज्यादा दिन तक नमी रहेगी।

## नवदुर्गा पिंडी प्रतिष्ठा पंच दिवशीय महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

**तरवारा (सिवान)।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के दीक्षितपुर भवानी मोड़ स्थित काली मंदिर परिसर में आयोजित नवदुर्गा पिंडी प्रतिष्ठा पंच दिवसीय महायज्ञ को ले शुक्रवार को हाथी-घोड़े व बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का नेतृत्व राजकुमार साह व आशीष कुमार ने किया। कलश यात्रा में 5100 कन्याओं ने कलश का उठाव कर यज्ञ स्थल चलकर चाचोंपाली गांव स्थित काली मंदिर स्थित तालाब के समीप पहुंची जहां आचार्य पंडित शिवमंगल मिश्रा और श्रीधाम वृंदावन से पधारे यज्ञाचार्य अंकुर दुबे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरी कराया गया। इसके बाद कलश यात्रा पुन~यज्ञ स्थल पर पहुंची जहां गणेश पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु हर-हर महादेव, जय माता देवी, जय श्रीराम व जय हनुमान का जयकार लगा रहे थे। पूर्व मुखिया दिलीप कुमार तिवारी और उदय कुमार सिंह ने बताया कि यह महायज्ञ पांच दिनों तक चलेगा। महायज्ञ की पूर्णाहुति 10 जून को होगी। इस दौरान हवन पूजा के अलावा साधना किशोरी द्वारा प्रति दिन संध्या में प्रवचन किया जाएगा। जबकि अयोध्या से आए कलाकारों द्वारा राम लीला व रास लीला का आयोजन किया जाएगा। इसमें देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएगी।



# व्यक्ति का शव पहुंचते ही स्वजनों में मचा कोहराम

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बगौरा में शुक्रवार का एक व्यक्ति का पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतक के दरवाजे पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। मृतक की पहचान हरेंद्र बांसफोर उर्फ भदई बांसफोर के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि बगौरा निवासी हरेंद्र बांसफोर उर्फ भदई बांसफोर अपनी बाइक से सिसवन में बरात जा रहे थे तभी बोलेरो की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार की सुबह उनका शव गांव पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। पत्नी शारदा देवी, पुत्र जीतेंद्र बांसफोर, चंदन बांसफोर, सागर बांसफोर और राजू बांसफोर समेत अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।

# घर में घुसकर मोबाइल चोरी व मारपीट का आरोप, नौ के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के प्रतापपूर निवासी इंकू देवी ने शुक्रवार को थाना में आवेदन देकर गांव के ही नौ लोगों पर घर में घुसकर मोबाइल चोरी करने तथा मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि 29 मई को मेरे पड़ोसी ओमशिला देवी मेरे कमरे में घुसकर मेरा मोबाइल चुरा ली। जब मैंने उससे मोबाइल मांगा तो बोलने लगी कि मोबाइल नहीं दूंगी। जब मैंने पुलिस को खबर करने की बात कही तो इतने में ओमशिला, राज बहादुर चौधरी, रीना कुमारी, लाली कुमारी, मल्लू चौधरी, लाखो देवी, सनोज कुमार, निक्की कुमारी एवं रामायण चौधरी एकजुट होकर मुझे मारपीट कर सिर फोड़ डाला। जब मैं घायल होकर गिर गई तो लाखो देवी 35 हजार रुपये का मंगल सूत्र मेरे गले से निकाल ली। हमलावर मेरे बच्चों का अपहरण करने की धमकी दे रहे थे। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

# बकरीद पर संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की रहेगी तैनात

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड में बकरीद त्योहार की तैयारी पूरी कर ली गई है। शनिवार को बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा। इसको लेकर बाजार में खरीदारी के लिए देर शाम तक चहल-पहल देखी गई। सभी लोग त्योहार की तैयारी में जुटे रहे। शनिवार को सभी मस्जिद और ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। प्रशासन की ओर से भी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रभारी बीडीओ वैभव शुक्ला ने बताया कि बकरीद को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के लिए 22 मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई। सभी संवेदनशील जगहों पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी सीसी कैमरे से की जाएगी। सादे लिबास में भी प्रशासन के अधिकारी चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहेंगे। इंटरनेट मीडिया पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। व्हाट्सएप, फेसबुक इंटरनेट मीडिया पर खासकर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को तुरंत डिटेक्ट कर उन पर कार्रवाई की जाएगी। सुबह चार बजे से ही गश्त का दौर शुरू हो जाएगा। सभी पंचायत स्तर पर भी सभी मंदिरों व मस्जिदों में पंचायत के प्रतिनिधि और पंचायत प्रशासन 24 घंटे नजर रखेंगे। दारौंदा निवासी कादिर अहमद ने बताया कि बकरीद त्योहार को लेकर ईदगाह में तैयारी पूरी कर ली गई है। सुबह 8:30 बजे बड़ी ईदगाह दारौंदा में बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। विभिन्न गांवों में अपने स्तर कमेटी की ओर से ईदगाह की साफ सफाई पूरी कर ली गई है। नमाजियों के लिए पेयजल की भी व्यवस्था की गई है। नमाजियों को नमाज अदा करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान रखा गया है।

# बरातियों से आभूषण एवं 1.20 लाख की लूट, तीन घायल

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के महम्मदपुर से बनपुरा गांव में गुरुवार को आई बरात में कुछ बदमाशों ने हमला कर बरातियों से आभूषण एवं नकद 1.20 लाख रुपये लूट ली। वहीं घटना का विरोध करने पर बदमाशों ने दूल्हे के भाई समेत तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में महम्मदपुर निवासी दूल्हा के बड़े भाई महेश मांझी ने शुक्रवार को थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि गुरुवार को वह अपने छोटे भाई संतोष कुमार पासवान की बरात लेकर बनपुरा गांव में गया था। द्वार पूजा के बाद 25 से 30 लोग धारदार हथियार से हमला कर आभूषण एवं 1.20 लाख रुपये नकद लूट लिए। विरोध करने पर बदमाशों के मुझे एवं सत्यनारायण मांझी, राजू कुमार पासवान को मारपीट कर घायल कर दिया। हमलोगों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस मामले में उन्होंने दारौंदा थाना क्षेत्र के बाल बंगरा निवासी सुमंत कुमार राम, बनपुरा निवासी सूरज कुमार राम, पवन कुमार राम, विकास कुमार राम, विक्की कुमार राम तथा संजीत कुमार राम सहित 20 से 22 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# कृषि चौपाल में किसानों को दी गई उन्नत खेती की जानकारी

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के प्रतापपूर पंचायत अंतर्गत गोसोपाली पंचायत भवन में शुक्रवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण, आत्मा सिवान के सौजन्य से कृषि जन कल्याण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कृषि समन्वयक राजीव रंजन पाठक ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा किसान पंजीकरण, फार्मर रजिस्ट्रेशन, बिहार कृषि एप एवं बीज टीकाकरण, मिट्टी जांच, हरी खाद के अंतर्गत ढैंचा, मूंग, सनई की खेती, फसल अवशेष प्रबंधन, जैविक खेती अंतर्गत पक्का वर्मी बेड निर्माण, बीज वितरण अंतर्गत ढैंचा, संकर धान, प्रमाणित बीज वितरण, कृषि यांत्रीकरण अंतर्गत विभिन्न प्रकार के बोवाई से लेकर कटाई करने वाले यंत्रों जैसे रोटावेटर, जीरो टिलेज, रीपर, थ्रेसर, समेकित कृषि प्रणाली, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना के बारे में विस्तार पूर्वक किसानों को जानकारी दी। इस अवसर किसान सलाहकार, जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित थे।

# बकरीद पर शिक्षकों का वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों में नाराजगी

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड के शिक्षकों को बकरीद के मौके पर भी वेतन नहीं मिला। इस कारण घर बकरीद का त्योहार फीकी रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इस दौरान शिक्षकों में नाराजगी देखी जा रही है। शिक्षा विभाग के सख्त निर्देश के बावजूद भी वेतन नहीं मिलने से अब तीन दिनों तक चलने वाला बकरीद भी त्योहार फीकी रहेगी। बता दें कि शिक्षा विभाग शिक्षकों के वेतन भुगतान समय से करने के लिए राशि भी जारी कर दी थी। प्रखंड के तमाम शिक्षकों का सभी प्रखंड से अनुपस्थिति भी समय से जिला को उपलब्ध करा दी गई थी, जिला शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों के वेतन भुगतान करने के लिए समय से एडवाइस भी बैंक को भेज दिया, लेकिन बैंक की लापरवाही कहें या सर्वर का डाउन रहने से शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं हो सका। इससे शिक्षकों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। इधर प्रगतिशील प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मंगल कुमार साह ने बताया कि शिक्षक वेतन भुगतान के लिए दो दिनों से बैंक का चक्कर लगा रहे हैं। वहीं बैंक मैनेजर से शिक्षकों के वेतन भुगतान के लिए पूछा गया उन्होंने तकनीकी गड़बड़ी बता दो दिनों में वेतन भुगतान का आश्वासन दिया।

# प्रधानमंत्री के संभावित सिवान दौरे को लेकर डिप्टी सीएम ने स्थल का किया निरीक्षण

**परवेज अख्तर। दैनिक खोज खबर/सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिवान दौरे को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारी तेज कर दी गई है। पीएम का यह दौरा 20 जून को संभावित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सारण प्रमंडल के तीन प्रमुख जिला सिवान, छपरा और गोपालगंज के लोगों को एक विशाल जनसभा के माध्यम से संबोधित करेंगे। कार्यक्रम स्थल के रूप में पचरुखी प्रखंड के जसौली गांव को चिह्नित किया गया है। इसको लेकर शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल का बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने निरीक्षण किया। निरीक्षण को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रही। सभी जगहों पर पुलिस पदाधिकारी व जवानों को लगाया गया था।



उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री का यह दौरा सिवान के लिए ऐतिहासिक होगा और जिले को करोड़ों की सौगात मिल सकती है। उन्होंने कहा कि संगठन पूरी ताकत के साथ तैयारी में जुट गया है और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। तीन लाख से अधिक लोग सभा में आएंगे। कहा कि हमने साफ कहा दिया है कि कार्यक्रम स्थल से पांच सौ मीटर के आंदर ही पार्किंग की व्यवस्था करना है।प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीस जून को सिवान आ रहे है। इसमें सारण प्रमंडल के तीन प्रमुख जिला सिवान, छपरा और गोपालगंज के लोगों को एक विशाल जनसभा के माध्यम से पीएम संबोधित करेंगे। निरीक्षण के दौरान विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश, एसपी अमितेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में उप मुख्यमंत्री ने संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया। कार्यक्रम स्थल पर भव्य मंच निर्माण, सुरक्षा इंतजाम और विशाल जनसैलाब की तैयारी जोरों पर है। प्रधानमंत्री की इस यात्रा को लेकर जिले में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है।

# पानी के अभाव में किसान धान का बिचड़ा डालने से हो रहे वंचित

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** रोहिणी नक्षत्र समाप्ति के कगार पर है। किसान अभी तक धान का बिचड़ा पानी के अभाव में डालने से पूरी तरह से वंचित हैं। किसान खरीफ फसल की खेती के लिए चिंतित हैं। आसमान में कभी- कभी काले बादल ने किसान वर्षा की संभावना कुछ समय के लिए हर्षित हो जाते हैं, लेकिन कुछ ही समय में यह काले बादल हल्की पानी की फुहारे के रूप में धरती पर आकर चले जाते हैं। क्षेत्र की नहरें किसानों के लिए बेकार साबित होकर रह गई है। गर्मी से नदी, नाले, पोखर, तालाब आदि सुख गए हैं। पानी के अभाव में खेतों में धूल उड़ रहे हैं। नहरों में जंगल उपजे हुए हैं। नदियों में दरार पड़े हुए हैं। कभी धान की खेती के लिए यह क्षेत्र अपने आप में प्रसिद्ध माना जाता था। सिंचाई विभाग के अधिकारियों की उदासीनता से किसान कृषि से वंचित होने लगे हैं। किसान दूधनाथ सिंह, विजय सिंह, अरविंद उपाध्याय, रघुबर पांडेय आदि ने बताया कि नहरों में पानी का नहीं होना गंडक विभाग के अधिकारियों की उदासीनता का कारण है। इस संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक सह अध्यक्ष डा. जितेंद्र प्रसाद ने कहा कि किसान वर्षा अथवा नहर के पानी के भरोसे नहीं बल्कि अपने स्तर से बोरिंग पानी चलाकर बिचड़ा डाल दें। लंबी अवधि तथा निचली स्तर के जमीन का बिचड़ा डालने का समय बीत रहा है। उन्होंने कहा कि लंबी अवधि का बिचड़ा डालने का सही समय 25 मई से पांच जून ही माना जाता है। मध्यम अवधि का बिचड़ा 10 से 20 जून माना जाता है तथा कम अवधि का बिचड़ा 20 जून से 30 जून होता है।

# बिजली तार की चपेट में आने से महिला की मौत, स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**रघुनाथपुर (सिवान)।** थाना क्षेत्र के गोंहरिया में शुक्रवार की सुबह धारा प्रवाहित विद्युत तार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान गोंहरिया निवासी कृष्णा साह की पत्नी शारदा देवी (55) के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि गुरुवार की रात तेज आंधी-पानी के दौरान पेड़ गिरने से विद्युत तार टूटकर गिर गया था। शुक्रवार की सुबह शारदा देवी शौच करने जा रही थी तथा धारा प्रवाहित विद्युत तार की चपेट में आ गई। स्वजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।

# नपं उपाध्यक्ष ने ईओ पर खिलाफ खोला मोर्चा, लगाया राशि बंदरबांट का आरोप

**महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज नगर पंचायत की उपाध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने नगर पंचायत के ईओ हरिश्चंद्र के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उपाध्यक्ष ने ईओ पर सरकारी राशि की बंदरबांट करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उपाध्यक्ष ने गुरुवार को सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को ज्ञापन देकर कही है कि ईओ द्वारा नियम के विरुद्ध कार्य किया जा रहा है। सरकारी राशि की लूट, अपव्यय, बंदरबांट करने के उद्देश्य से अनुपयोगी सामानों को खरीद की जा रही है। इसमें प्रमुख रूप से चौक-चौराहे पर प्याऊ लगाने का टेंडर जेम पोर्टल पर किए हैं जो एक करोड़ 70 लाख व्यय के नाम पर बंदरबांट किया जा रहा है। सांसद ने उपाध्यक्ष को आश्वस्त किया है कि वे इसकी कमेटी द्वारा जांच कराएंगे। इस संबंध में ईओ ने कहा कि उपाध्यक्ष द्वारा मुझ पर लगाया गया आरोप निराधार व बेबुनियाद है। इसकी जांच के लिए तैयार हूं।

## दुकान से चोरी मामले में गिरफ्तार, जेल

**हसनपुरा (सिवान)।** एमएच नगर थाना के समीप स्थित गुमटीनुमा दुकान का ताला तोड़ चोरों ने दो जून की रात गल्ला से आठ हजार रुपये की चोरी कर ली थी। इस मामले में दुकान मालिक ने अज्ञात के विरुद्ध थाना प्राथमिकी कराई थी।इस दौरान पुलिस सीसी फुटेज के अनुसार चोर की पहचान कर लिया। इस दौरान पुअनि सोहन मिश्र ने गुरुवार की रात अरंडा गांव में छापेमारी कर सुफियान अली को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चोर के विरुद्ध प्राथमिकी कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है। पुलिस दुकान के आसपास लगे सीसी फुटेज को खंगाला। उसके बाद कथित चोर की तस्वीर सामने आई। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# दहेज को ले विवाहिता की गला दबाकर हत्या, मृतका के पति गिरफ्तार

भगवानपुर हाट (सिवान)। थाना क्षेत्र के डेहरी गांव में एक दहेजलोभी पति ने अपनी गर्भवती पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया है। बताते हैं कि थाना क्षेत्र के सिपार निवासी कृष्णा महतो की पुत्री प्रीति कुमारी की शादी वर्ष डेहरी निवासी लड्डू महतो के पुत्र पप्पू महतो के साथ हुई थी। इसके बाद से ही पप्पू और उसके स्वजन दहेज में रुपया तथा वाहन का मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर प्रीति कुमारी के साथ मारपीट करते थे। इसकी सूचना प्रीति अपने मायके वालों को देती थी। मृतका की मां बबीता देवी और पिता कृष्णा महतो ने बताया कि मेरी पुत्री की हत्या सभी परिवार के लोग मिलकर किए हैं। उन्होंने बताया कि दोपहर में ग्रामीणों ने घटना की सूचना दी। सूचना पर मिलने पर जब हमलोग पुत्री के ससुराल पहुंचे तो पुत्री मृत पड़ी थी। उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। उसके गले पर निशान स्पष्ट दिखाई दे रहा था। घटना की सूचना थाना को दी गई। सूचना मिलते ही एसआइ अनिरुद्ध कुमार सिंह, एएसएस राजीव कुमार, मुनेश्वर प्रसाद दलबल के साथ पहुंच मामले की जांच में जुट गए तथा आरोपित पति पप्पू महतो को हिरासत में लिया। वही घटना के बाद मृतका के सास, देवर और ननद घर छोड़कर फरार हो गए हैं। घटना के बाद मृतका के स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया।

## महात्माओं से संसार की नहीं भगवान की चर्चा करें : दंडी स्वामी

**गुठनी (सिवान)।** संत सिर्फ वे नहीं जो कथा कहते हैं, असल में तो संत वह है जो कथा श्रवण करते हैं। उक्त बातें गुठनी के तेनुआ गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन कथावाचक शंकराचार्य जोशी मठ बद्रिकाश्रम के शिष्य दंडी स्वामी विवेकानंद सरस्वती महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि संत कथा का सही उच्चारण कर श्रोताओं को सुनाते हैं और अच्छे श्रोताओं द्वारा कथा श्रवण के उपरांत कथा के बीच में आए आदर्श चरित्रों को अपने जीवन में उतार कर उसे सार्थक बना दिया जाता है। शंकराचार्य के शिष्य विवेकानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि महात्माओं के पास जाएं तो भक्तिभाव की बात करें, भौतिकवाद की नहीं। वहीं भक्त हमेशा भक्ति, भगवान और भजन के संबंध में ही चर्चा करते हैं। कथा के दौरान कथावाचक ने संगीतमय प्रवचन कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर वार्ड पार्षद निर्भय शुक्ला उर्फ पप्पू बाबा, ब्यास शुक्ला, लाल बाबू शर्मा, प्रेम चंद यादव, संजय शुक्ला, दिनकर शुक्ला सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। ज्ञात हो कि सेवानिवृत्त सर्जन डा. रवींद्र नाथ शुक्ला की देखरेख में उनके पैतृक गांव तेनुआ में आयोजित इस भागवत कथा का शुभारंभ गुरुवार शाम हुआ। यह कथा का समापन 12 जून को किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए ग्रामीण श्रद्धा के साथ जुटे हुए हैं।

# आपसी रंजिश में दुकान पर बैठे दो भाइयों को तलवार, फसुली से हमला, एक की मौत

**महाराजगंज (सिवान)।** शहर का अतिव्यस्त बाजार काजी बाजार में गुरुवार की रात करीब आठ बजे आपसी रंजिश में पट्टीदारों ने दुकान पर बैठे दो भाइयों पर तलवार एव फसुली से प्रहार कर दिया। इससे एक भाई की मौत हो गई जबकि दूसरा भाई जिंदगी एवं मौत से जूझ रहा है। मृतक की पहचान पुरानी बाजार निवासी कन्हैया पटवा के पुत्र रितेश पटवा के रूप में हुई है जबकि घायल विकास पटवा का इलाज चल रहा है।

बताया जाता है कि पुरानी बाजार निवासी रितेश पटवा एवं विकास पटवा अपनी दुकान पर बैठे थे, तभी उनके तीन पट्टीदारों ने तलवार व फरसा से लैस होकर दोनों भाइयों पर हमला कर दिया जिससे दोनों भाई घायल हो गए तथा घटनास्थल पर ही तड़पने लगे। अभी आसपास के दुकानदार कुछ समझ पाते हमलावर वहां से फरार हो गए। आसपास के दुकानदारों ने दोनों भाइयों को इलाज के लिए महाराजगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों भाइयों को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल जाने के दौरान रितेश पटवा की मौत हो गई। वहीं लोग विकास पटवा को सदर अस्पताल लाए जहां से चिकित्सक द्वारा गोरखपुर रेफर कर दिया गया जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। वहीं पुलिस ने रितेश के शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया।वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन पुलिस बल के साथ घटनास्थल काजी बाजार पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा फिर पीएचसी पहुंचा जायजा लिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही देर रात एसपी अमितेश कुमार पुलिस बल के साथ महाराजगंज पहुंच घटना की विशेष जानकारी ली तथा पुलिस पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए। वहीं सूचना पर शुक्रवार को एफएलसी की टीम काजी बाजार पहुंच घटना की जांच की। इस दौरान व लोगों को पूछताछ की तथा कई नमूने एकत्रित कर ले गई। वहीं रितेश व विकास की मां ने कहा कि कृष्णा, लखी, पिंटू, संजीव, जितेंद्र पटवा ने ही मेरे पुत्र की हत्या की है। समाचार प्रेषण तक थाना में आवेदन नहीं दिया गया था।

# जन सुराज ने निकाला कैडल मार्च

सिवान। जनसुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार की शाम को गाँधी मैदान से होते जेपी चौक तक कैडिल मार्च निकाला. जिलाअध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि कुढ़नी में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना की कड़ी निंदा जनसुराज परिवार करता है और कहा कि मुजफ्फरपुर में हुई घटना दिल्ली के निर्भया कांड से भी ज्यादा भयावह है और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण उसे समय पर उचित इलाज नहीं मिल पाया। जिला मुख्य प्रवक्ता डा. कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि जिले के हर प्रखंड में इस घटना के विरोध में कैडिल मार्च निकाला जायेगा तथा आमजन को बताया जायेगा कि बिहार सरकार जानमाल की सुरक्षा करने में बिल्कुल असफल है. इस मौके पर जिला महासचिव नूरालम सिद्दीकी, महिला अध्यक्ष पिंकी देवी,अनुमंडल सचिव नरसिंह चौहान, मुन्ना पांडेय,डा सतीश कुमार,पूर्व प्रमुख अली, अभिषेक कुमार सिंह,अजीत सिंह,जय करण महतो, रानू कुमार,वार्ड पार्षद आजम अली,दीपिका, अनीता, पुण्य देव प्रसाद सहित सैकड़ों जन सुराजी साथी उपस्थित थे।


